"जैव विविधता संरक्षण.....प्रकृति के साथ जीने की कला"

# कार्यालय उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड, देहरादून

ई–मेल : sbbuttarakhand@gmail.com
वेबसाइट : www.sbb.uk.gov.in

423, इन्दिरा नगर कॉलोनी (निकट मलिक चौक),
देहरादून–248006, (टेलीफैक्स - 0135-2769886)

पत्रांकः 904 /उ०जै०वि०बो०–16–3

दिनांक 21, जून, 2023

सेवा में,

1 मुख्य वन संरक्षक,
एन०टी०एफ०पी०, उत्तराखण्ड, देहरादून
प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड द्वारा नामित।
(पदेन सदस्य,उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड)

2 निदेशक,
पशुपालन विभाग,
पशुधन भवन, मोथरोंवाला, उत्तराखण्ड देहरादून
(पदेन सदस्य, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड)।

3 निदेशक,
कृषि विभाग,
नन्दा की चौकी, प्रेमनगर, देहरादून
(पदेन सदस्य, उत्तराखण्ड, जैव विविधता बोर्ड)।

4 निदेशक,
जनजाति कल्याण विभाग,
शहीद भगत सिंह कॉलोनी, अधोईवाला, पोस्ट डालनवाला, देहरादून
(पदेन सदस्य उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड)

5 निदेशक,
जड़ी–बूटी शोध संस्थान, गोपेश्वर चमोली।
(विशेषज्ञ सदस्य, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड)।

6 निदेशक
भारतीय वन्य जीव संस्थान, चन्द्रबनी, देहरादून
(विशेषज्ञ सदस्य, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड)।

7 निदेशक,
गो.बी. पन्त राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण एवं सतत् विकास संस्थान, कोसी कटारमल, अल्मोडा, द्वारा नामित प्रतिनिधि
(विशेषज्ञ सदस्य, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड)।

8 निदेशक,
भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण संस्थान, कौलागढ़ रोड, देहरादून
(विशेषज्ञ सदस्य, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड)।

विषयः उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड की इक्कीसवीं बोर्ड बैठक दिनांक 07.06.2023 का कार्यवृत्त ।

महोदय,

दिनांक 07.06.2023 को उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड, देहरादून की बीसवीं (21वां) बोर्ड बैठक का कार्यवृत्त आपको सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।

<u>संलग्न – यथोपरि (कार्यवृत्त की प्रति)।</u>

भवदीय,

21/6/23

(एस०एस० रसाईली)
सदस्य–सचिव,
उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड,
देहरादून।

K.T.O.

पत्रांकः 904 /16–3 (बोर्ड बैठक) तद्दिनांकित।
प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक अनुसंधान संस्थान (एफ०आर०आई०), न्यू फॉरेस्ट, देहरादून।
2. निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्यान भवन, चौबटिया रानीखेत, अल्मोड़ा।
3. निदेशक, मत्स्य पालन, बड़ासी ग्रान्ट, धन्याडी, रायपुर, उत्तराखण्ड, देहरादून।
4. संयुक्त निदेशक, भारतीय वन्य जन्तु सर्वेक्षण, 292, कौलागढ़ रोड, देहरादून।

संलग्न – यथोपरि (कार्यवृत्त की प्रति)।

21/6/23

(एस०एस० रसाईली)
सदस्य–सचिव,
उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड,
देहरादून।

पत्रांकः 904 /16–3 (बोर्ड बैठक) तद्दिनांकित।
प्रतिलिपिः अपर सचिव, वन एवं पर्यावरण अनुभाग–3 उत्तराखण्ड शासन को सूचनार्थ प्रेषित।

संलग्न – यथोपरि (कार्यवृत्त की प्रति)।

(एस०एस० रसाईली)
सदस्य–सचिव,
उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड,
देहरादून।

पत्रांकः 904 /16–3 (बोर्ड बैठक) तद्दिनांकित।
प्रतिलिपिः अध्यक्ष, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड को संज्ञानार्थ प्रेषित।

संलग्न – यथोपरि (कार्यवृत्त की प्रति)।

(एस०एस० रसाईली)
सदस्य–सचिव,
उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड,
देहरादून।

## उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड, देहरादून की इक्कीसवीं (21वीं) बैठक दिनांक 07 जून, 2023 का कार्यवृत्तः–

उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड, देहरादून की इक्कीसवीं (21वीं) बोर्ड बैठक डा० धनन्जय मोहन, अध्यक्ष उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड की अध्यक्षता में दिनांक 07.06.2023 को बोर्ड कार्यालय, देहरादून में सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित हुएः–

| क्र०सं० | अधिकारी का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | डा० वी०एस० अधिकारी | भारतीय वन्य जीव संस्थान, चन्द्रवनी, देहरादून |
| 2. | डा० प्रियंका सिंह | कृषि विभाग, नन्दा की चौकी, प्रेमनगर, देहरादून |
| 3. | श्री सतेन्द्र वर्मन | अनु सचिव, पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग, उत्तराखण्ड शासन |
| 4. | श्री अनिल कुमार | उप–निदेशक, मत्स्य पालन, वडासी ग्रान्ट, धन्याडी, रायपुर, देहरादून |
| 5. | श्री विनीत पुरोहित | जडी–बूटी शोध संस्थान, गोपेश्वर, चमोली |
| 6. | श्री मान सिंह | मुख्य वन संरक्षक, एन०टी०एफ०पी०, उत्तराखण्ड, देहरादून |
| 7. | डा० सुनील कुमार अवस्थी | संयुक्त निदेशक, पशुपालन विभाग, पशुधन भवन, मोथरोवाला, उत्तराखण्ड, देहरादून |
| 8. | डा० गौरव शर्मा | विभागाध्यक्ष, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण, कौलागढ रोड, देहरादून |
| 9. | डा० एस०के० सिंह | विभागाध्यक्ष, भारतीय जन्तु सर्वेक्षण, कौलागढ रोड, देहरादून |
| 10. | डा० अरूण कुमार जुगरान | वैज्ञानिक–डी, गढवाल रीजन सेन्टर, गो.वी. पन्त राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण एवं सतत् विकास संस्थान |

**बोर्ड के सदस्यों का स्वागतः–**

सर्वप्रथम सदस्य–सचिव, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड, देहरादून द्वारा बैठक में डा० धनंजय मोहन, अध्यक्ष उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड और भैतिक एवं ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित समस्त सम्मानित सदस्यों का विधिवत स्वागत किया गया। सदस्य सचिव द्वारा प्रारम्भिक रूप से बोर्ड की वस्तुस्थिति पर भी प्रकाश डाला गया और बोर्ड के लिए एक स्थाई ढांचे की आवश्यकता से अवगत कराया गया। तत्पश्चात बैठक में एजेण्डावार गहन विचार–विमर्श किया गया और निर्णय लिये गये जो निम्नानुसार हैः–

**ऐजेण्डा 1: श्री पी०सी० खरै, सेवानिवृत्त अपर सचिव, उत्तराखण्ड को बोर्ड कार्यालय में वित्तीय विशेषज्ञ के रूप में सेवायें प्राप्त करने के सम्बन्ध में बोर्ड का अनुमोदन प्राप्त करना :–**

बोर्ड का वित्तीय लेनदेन का चूंकि विस्तृत आयाम नहीं है, इसलिए इस पर सहमति बनी की इस कार्य हेतु कार्यालय को एक नियमित विशेषज्ञ

की आवश्यकता नहीं है। बोर्ड द्वारा निर्णय लिया गया कि कार्यालय को वित्तीय विशेषज्ञ की सेवा की आवश्यकता पड़ने पर शासन द्वारा विशेषज्ञों हेतु निर्धारित प्रतिदिन मानदेय के अनुसार सेवायें ली जा सकती हैं। यह भी कहा गया कि वित्तीय सम्बन्धी प्रकरणों पर वन विभाग के वित्त नियंत्रक की भी सलाह लेने पर विचार किया जा सकता है।

**ऐजेण्डा 2: उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड के संगठनात्मक ढांचे से सम्बन्धित प्रस्ताव को अनुमोदित कर शासन को प्रेषित करना :–**

श्री पी०सी० खरै, सेवानिवृत्त अपर सचिव, उत्तराखण्ड के सहयोग द्वारा बोर्ड के स्थाई ढांचे का प्रस्ताव तैयार किया गया है। उक्त ढांचे पर डा० ओम प्रकाश तिवाड़ी, अनुसंधान अधिकारी, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया। सर्वप्रथम सदस्यों को बोर्ड के कामकाज के लिए आउटसोर्स माध्यम से रखे वर्तमान मानवश्रम से अवगत कराया गया। तत्क्रम में ढांचे में प्रस्तावित पदों पर विस्तृत विचार–विमर्श के उपरान्त सदस्यों द्वारा निम्नलिखित सुझाव प्रस्तुत किए गये :–

- बोर्ड के ढाँचे के प्रस्ताव में प्रस्तावित पदों को बोर्ड के कामकाजी संतुलन के लिए हाइब्रिड मोड़ (सीधी भर्ती/प्रतिनियुक्ति/सेवा स्थानान्तरण अथवा इनके उपलब्ध न होने पर वाह्य स्रोत) में रखना उचित होगा।
- जैव विविधता अधिनियम अधिनियम के उद्देश्यों और बोर्ड के सुनियोजित ढंग से क्रियाकलापों के निष्पादन के लिए बोर्ड के कोर भाग परियोजना अनुसंधान कार्यों हेतु प्रस्तावित वैज्ञानिक–बी के पदों में निरन्तरता की आवश्यकता के दृष्टिगत सीधी भर्ती पर रखने हेतु विचार किया गया। इसके अतिरिक्त लोक जैव विविधता पंजिका (पी०बी०आर०) में प्रयोग होने वाले जैव संसाधनों से संबन्धित पारम्परिक ज्ञान को व्यवस्थित ढंग से दस्तावेजीकरण करने के लिए एक सोसियल साइंटिस्ट का एक पद को जोड़ना उचित रहेगा। इस प्रकार वैज्ञनिक–बी के कुल 07 पद प्रस्तावित किए जाए।
- ढांचे में प्रस्तावित समूह–ग जिसमें कनिष्ट सहायक, डाटा एण्ट्री ऑपरेटर और तकनीकी ग्रेड जैसे जी.आई.एस., डी.टी.पी., डाटा एडमिनिस्ट्रेटर आदि पदों के सापेक्ष सेवाएं प्रतिनियुक्ति पर तथा योग्य व्यक्ति न मिलने पर आउटसोर्स से लिए जाने पर विचार किया जा सकता है। कनिष्ट सहायक/डाटा एण्ट्री ऑपरेटर के पदों के स्थान पर एल.डी.सी./यू.डी.सी. पदों के विषय में भी विचार किया जा सकता है।
- समूह–घ के समस्त सेवाएं नियत पारिश्रमिक पर आउटसोर्स से प्राप्त की जाय। इन सेवाओं को ढांचे के प्रस्ताव में न रखकर अन्यत्र नोट बनाकर

लिखा जाए। आउटसोर्स की समस्त सेवाओं के लिए पारिश्रमिक शासन द्वारा देय दरों के अनुसार ही रखे जाए।

- ढाँचे में प्रस्तावित मुख्य–मुख्य पदों के लिए भर्ती माध्यम में प्रतिनियुक्ति के साथ–साथ सेवा स्थानान्तरण शब्द को जोड़ना उचित होगा।
- वित्त से सम्बन्धित कार्यों के लिए सहायक लेखाकार के स्थान पर लेखाकार का पद प्रतिनियुक्ति अथवा सेवा स्थानान्तरण माध्यम पर रखा जाय। प्रतिनियुक्ति या सेवा स्थानान्तरण पर पद उपलब्ध न होने की स्थिति में लेखा संबन्धित कार्यों के लिए सेवाएं आउटसोर्स माध्यम से ली जाय।
- प्रस्तावित ढांचे में केवल जे०आर०एफ० अथवा प्रोजेक्ट एसोसिएट के कुल 07 पदों को ही प्रस्तावित किया जाए और उनकी फैलोशिप यू०जी०सी० के स्थान पर डी०एस०टी० के दिशानिर्देशों के अनुसार दिये जाने का निर्णय लिया गया।

अध्यक्ष, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रस्तावित ढाँचे में उपरोक्त सुझावों को समायोजित करते हुए संशोधित ड्रॉफ्ट शीघ्रातिशीघ्र तैयार किया जाय और अनुमोदन हेतु आगामी बोर्ड की विशेष बैठक आहूत कर अनुमोदित करते हुए शासन को प्रेषित किया जाय।

अन्त में सदस्य–सचिव, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड, देहरादून द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक का समापन किया गया।

अनुमोदित

(डा० धनन्जय मोहन)
अध्यक्ष,
उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड,
देहरादून

(एस०एस० रसाईली)
सदस्य–सचिव
उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड,
देहरादून